# बेहतर स्वास्थ्य की ओर

## कूड़े-कचरे एवं गोबर
## का निपटान

unicef

WATER MISSION

4251

# अनुक्रमणिका :


(1) पीने के पानी का रख रखाव और बर्ताव

(2) बेकार पानी की निकासी

(3) मानव मल का सुरक्षित निपटान-एक स्वच्छ शौचालय

(4) कूड़े-कचरे एवं गोबर का निपटान

(5) घर एवं भोजन की स्वच्छता

(6) व्यक्तिगत सफाई

(7) ग्रामीण स्वच्छता


4251
COMMUNITY HEALTH CELL
LIBRARY AND DOCUMENTATION UNIT
BANGALORE.

**Community Health Cell**
*Library and Documentation Unit*
*BANGALORE*

# बेहतर स्वास्थ्य की ओर

## कूड़े-कचरे एवं गोबर
## का निपटान

unicef

WATER MISSION

# कार्ड-1

घरों के चारों ओर व सड़क पर फैले गोबर और कूड़े के ढेर मक्खियों को पैदा करते हैं। मक्खियों की पैदावार रोकने के लिए कूड़े की सफाई आवश्यक है।

unicef

# कार्ड-2

इसकें अलावा ‘टेटनस’ नामक जानलेवा बीमारी के कीटाणु गन्दगी में,खास कर गोबर में,पलते हैं। टेटनस के कीटाणु खुले घाव के द्वारा शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। टेटनस जानलेवा हो सकता है, खास तौर से बच्चों के लिए।

घरेलू कूड़े के साथ गोबर की भी उचित सफाई होनी चाहिए।

unicef

# कार्ड-3

शान्ता घर व उसके चारों ओर सफाई रखती है तथा स्थानीय बनी हुई बांस की टोकरी में कूड़ा जमा करती है। वह गोबर को दूसरी टोकरी में जमा करती है।

शान्ता प्लास्टिक की वस्तुएं (थैलियाँ, खिलौने आदि), शीशा, कागज व धातु की वस्तुएं अलग जमा करके पुनर्चक्रण के लिए कबाड़ी वाले को दे देती है।

unicef

# कार्ड-4

वह सब्जियों के छिलके, चाय पत्ती व रसोई का अन्य कूड़ा दूसरे कूड़ेदान या लकड़ी के डिब्बे में जमा करती है।

# कूड़े-कचरे एवं गोबर का निपटान

# कार्ड-5

शान्ता के परिवार के पास कुछ गायें हैं। उनका गोबर व पेशाब दुर्गन्ध फैलाते हैं तथा मक्खी पैदा करते हैं। इसलिए शान्ता ने गाय के लिए छप्पर घर से अलग बना रखा है। उसेने गाय के छप्पर के फर्श को सीमेन्ट व ईंट द्वारा पक्का बनवाया है जिसकी ढलान सोकेज पिट से जुडी एक नाली की ओर है। इस प्रकार पशुओं का पेशाब सोकेज पिट में बह जाता है। शान्ता गाय के छप्पर को साफ रखने के लिए नियमित रूप से झाड़ू लगाती है।

04251
COMMUNITY HEALTH CELL
LIBRARY AND DOCUMENTATION UNIT
BANGALORE.
unicef

# कार्ड-6

शान्ता ने घरेलू कूड़े व गोबर के निस्तारण के लिए घर के पिछवाडे एक मीटर लम्बा, एक मीटर चौड़ा व 0.8 मीटर गहरा एक गड्ढा बनवा रखा है। उसने पानी को गड्ढे में जाने से रोकने के लिए गड्ढे के चारों ओर मिट्टी धोप कर 10 से.मी. ऊंची मेड़ बना रखी है। हर हफ्ते-दस दिन में वह गड्ढे के कूड़े को एक डण्डे या पान्चा से बराबर करके 3 अंगुल ऊंची मिट्टी की सतह बना देती है। इससे गड्ढे में मक्खियाँ नहीं पैदा हो पातीं।

# कार्ड-7

जब गड्ढ़ा कूड़े से भर जाएगा तो वह मिट्टी की सतह बनाकर बिना छेडे उसे छोड़ देगी और पुराने गड्ढ़े के पास नया गड्ढ़ा बना लेगी। दो-तीन महीनों में पहले भरे गड्ढ़े का कूड़ा-गोबर एक अच्छे किस्म की खाद बन जाएगी।

unicef

# कार्ड-8

शान्ता जानती है कि गोबर के साथ मानव-मल को बयोगैस बनाने में उपयोग कर सकते हैं। बयोगैस खाना बनाने के काम आ सकती है। इसके अलावा बयोगैस प्लान्ट मानव-मल व गोबर से जुड़ी दुर्गन्ध एवं दूषण को भी दूर करता है।



unicef

United Nations Children's Fund

Water & Environmental Sanitation Section
INDIA COUNTRY OFFICE
73 Lodi Estate, New Delhi-110 003
INDIA